

# 17 साल के लामिने ने दागा निर्णायक गोल

## एस्पान्योल को 2-0 से हराकर दो मैच शेष रहते बना चैंपियन

### 53 वें मिनट में किया शानदार गोल

**बार्सिलोना, 4 जनवरी. बार्सिलोना ने एस्पान्योल को 2-0 से हराकर 2024-25 सीजन का ला-लीगा खिताब अपने नाम कर लिया। यह बार्सिलोना का 28वां स्पेनिश लीग खिताब है।**

टीम ने लीग के दो मैच बाकी रहते ही चैंपियन बनकर अपनी बादशाहत साबित कर दी। इस जीत के हीरो रहे 17 साल के युवा स्टार लामिने यामल, जिन्होंने न सिर्फ निर्णायक गोल किया बल्कि पूरे मैच में एस्पान्योल की डिफेंस को परेशान किए रखा।

ला-लीगा में खिताब उसी टीम को मिलता है जो सबसे ज्यादा अंक जुटाती है। बार्सिलोना ने 36 मैचों में 85 अंक हासिल कर लिए हैं और पॉइंट टेबल में शीर्ष पर है। वहीं, रियल मैड्रिड 36 मैचों में 78 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। अब बाकी बचे दो मैचों में रियल मैड्रिड बार्सिलोना को पछाड़ नहीं सकता, इसी कारण बार्सा को पहले ही चैंपियन घोषित कर दिया गया। मैच की शुरुआत से ही बार्सिलोना ने आक्रामक खेल दिखाया। हालांकि पहले हाफ में कई मौके बनाने के बावजूद टीम गोल नहीं कर सकी। एस्पान्योल की डिफेंस शुरुआती 45 मिनट तक मजबूत नजर आई, लेकिन दूसरे हाफ में लामिने यामल ने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया।

53वें मिनट में यामल ने व्यक्तिगत कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए दो डिफेंडरों को छकाया और सटीक शॉट लगाकर गेंद को गोलपोस्ट में डाल दिया। यह गोल न सिर्फ मैच का पहला गोल था, बल्कि बार्सिलोना को खिताब के बेहद करीब ले जाने वाला पल भी साबित हुआ। 17 साल की उम्र में इतने बड़े मंच पर ऐसा आत्मविश्वास दिखाना यामल को खास बनाता है।

मैच के 80वें मिनट में एस्पान्योल की मुश्किलें और बढ़ गईं, जब डिफेंडर लिएंड्रो काबरेरा को लाल कार्ड दिखाया गया। गेंद छीनने के प्रयास में उन्होंने यामल के पेट पर हाथ मारा, जिसे रेफरी ने गंभीर फाउल मानते हुए सीधा रेड कार्ड दिया।

इंजरी टाइम में बार्सिलोना ने अपनी जीत पर मुहर लगा दी। 96वें मिनट में फर्मिन लोपेज ने गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। यह गोल पूरी तरह से एस्पान्योल की उम्मीदों पर पानी फेरने वाला था और इसके साथ ही बार्सिलोना की चैंपियनशिप तय हो गई। हालांकि मैच के दौरान एक अप्रिय घटना भी सामने आई। खेल के शुरुआती चरण में स्टेडियम के बाहर कार दुर्घटना हुई, जिसमें 13 लोग घायल हो गए। इस घटना के कारण मैच कुछ देर के लिए रोका गया, जब पुलिस ने रेफरी को स्थिति की जानकारी दी।

# यूई सुसाकी को 60 लाख रिकॉर्ड बोली

## सुजीत कलकल तथा अंतिम पंघाल को मिले 52-52 लाख रुपये



**नई दिल्ली, 04 जनवरी. प्रो रेसलिंग लीग 2026 के प्लेयर ऑक्शन में महिला पहलवान सबसे आगे रहीं, जिसमें जापान की यूई सुसाकी ने सबसे ज़्यादा सुर्खियां बटोरीं, जिन्हें हरियाणा थंडर से 60 लाख रुपये की रिकॉर्ड बोली मिली।**

टोक्यो 2020 की गोल्ड मेडलिस्ट सुसाकी के साथ, वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडलिस्ट अंतिम पंघाल को यूपी डोमिनेटर्स ने महिला 53 किग्रा कैटेगरी में 52 लाख रुपये में खरीदा जबकि भारत के अंडर 23 विश्व चैंपियन सुजीत कलकल कैटेगरी ए राउंड में सबसे खास नाम बनकर उभरे, जिन्हें दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने 52 लाख रुपये में खरीदा। प्यूर्टो रिको की एना गोडिनेज को पंजाब रॉयल्स ने महिला 62 किग्रा कैटेगरी में 46 लाख रुपये में खरीदा। दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने अजरबैजान की अनास्तासिया अल्पाएवा को महिला 76 किग्रा कैटेगरी में 27 लाख रुपये में खरीदकर अपनी टीम को और मजबूत किया।

# बेंगलुरु ओपन के मेन ड्रॉ की घोषणा के साथ नागल पर सबकी नजरें



**बेंगलुरु, 04 जनवरी भारत के टॉप रैंक वाले सिंगल्स खिलाड़ी सुमित नागल 10वें दाफा न्यूज़ बेंगलुरु ओपन में सबकी नजरें रहेंगे। शनिवार को यहां एटीपी चैलेंजर 125 टूर्नामेंट के मेन ड्रॉ की घोषणा के बाद, भारत के नंबर 1 खिलाड़ी अपने कैंपेन की शुरुआत अपने ही देश के एसडी प्रज्ज्वल देव के खिलाफ करेंगे।**

सीजन का पहला एटीपी चैलेंजर इवेंट सोमवार को एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में शुरू होगा, जिसमें 19 देशों के खिलाड़ी और एक मजबूत भारतीय मौजूदगी होगी, जिसमें मेन ड्रॉ में छह खिलाड़ी शामिल हैं। नागल, जो हाल के सीजन में एटीपी टूर पर भारत के सबसे लगातार सिंगल्स परफॉर्मर रहे हैं, भारतीय टीम की हेडलाइन हैं और घरेलू मैदान पर अपने 2026 कैंपेन की मजबूत शुरुआत करना चाहेंगे। कर्नाटक के प्रज्ज्वल के खिलाफ उनका पहले राउंड का मुकाबला पहले दिन के अहम मैचों में से एक होने की उम्मीद है।



# श्राची बंगाल टाइगर्स ने मेजबान रांची रॉयल्स को 1-0 से हराया

**रांची, 04 जनवरी बंगाल टाइगर्स ने रविवार को मजबूत और अनुशासित प्रदर्शन करते हुए महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2025-26 के आठवें मुकाबले में रांची रॉयल्स के खिलाफ 1-0 से जीत हासिल की।**

आज यहां मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में श्राची बंगाल टाइगर्स के लिए अगस्टिना गोरजेलानी ने (×7वें) मिनट में मैच का निर्णायक गोल करके अपनी टीम को तीन अंक दिलाने में मदद की और अंक तालिका में उसे दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया।

लगातार जीत के बाद इस मैच में रांची रॉयल्स ने खेल शुरु में ही मिडफील्ड पर नियंत्रण रखते हुए खेल की शुरुआत की। पहले क्वार्टर में उन्हें पांच पेनल्टी कॉर्नर और सात सर्कल पेनिट्रेशन मिले, लेकिन वे श्राची बंगाल टाइगर्स की गोलकीपर जेनिफर रिजो को पार नहीं कर पाए। जवाबी हमला करते हुए टाइगर्स को भी एक मौका मिला, लेकिन विपक्षी टीम ने इसे विफल कर दिया।

दूसरे क्वार्टर में श्राची बंगाल टाइगर्स ने धीरे-धीरे खेल में अपनी पकड़ बनाई, और रॉयल्स के डिफेंस पर दबाव डाला। उन्हें सात सर्कल पेनिट्रेशन और कुछ पेनल्टी कॉर्नर मिले, क्योंकि वे पहले गोल की तलाश में लगातार हमले कर रहे थे। हालांकि, मेजबान टीम की गोलकीपर माधुरी किंडो ने अपनी टीम को बराबरी पर बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण बचाव किए और पहला हाफ 0-0 के स्कोर पर समाप्त हुआ।

> दूसरे हाफ की शुरुआत में रांची रॉयल्स ने अपने हमले में कुछ तेजी लाई और कुछ मौकों पर गोल करने के करीब पहुंचे, लेकिन गोल नहीं कर पाये। श्राची बंगाल टाइगर्स के लिए आखिरकार अगस्टिना गोरजेलानी ने (×7वें) मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से पहला गोल किया। यह इस सीजन का उनका चौथा गोल था। इसी के साथ उनकी टीम को 1-0 की बढ़त मिली। घरेलू टीम ने जल्द ही जवाब देने का प्रयास किया लेकिन तीसरे क्वार्टर में मजबूत और अनुशासित श्राची बंगाल टाइगर्स की रक्षापंक्ति को भेद नहीं पाए। फाइनल क्वार्टर में सात सर्कल पेनिट्रेशन और पांच पेनल्टी कॉर्नर मिलने के बावजूद रांची रॉयल्स श्राची बंगाल की मजबूत रक्षापंक्ति के कारण कोई गोल नहीं कर पाए।

### एक नजर में

## सिंड्रेला दास, रूपम सरदार ने अंडर -17 लड़कियों और अंडर-17 लड़कों के सिंगल्स खिताब जीते



**वडोदरा.** सिंड्रेला दास और रूपम सरदार ने यहां सामा इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर 2026 में अंडर-17 लड़कियों और अंडर-17 लड़कों के सिंगल्स खिताब जीतने के लिए आसान जीत दर्ज की, जबकि दिविजा पॉल और देव प्रणव भट्ट क्रमश: अंडर-13 लड़कियों और लड़कों के चैंपियन बने। सिंड्रेला, जिन्होंने पिछले साल अंडर-19 लड़कियों का सिंगल्स खिताब जीता था, ने अंडर-17 लड़कियों के सिंगल्स फाइनल में हंसिनी मथन के शानदार प्रदर्शन को 11-3, 9-11, 11-9, 11-8 से खत्म कर दिया, जबकि रूपम सरदार ने लड़कों के अंडर-17 फाइनल में सोहम मुखर्जी को 11-8, 6-11, 11-5, 11-3 से हराया। अंडर-13 कैटेगरी में, दिविजा पॉल ने 1-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए लड़कियों के सिंगल्स फाइनल में हर्षिता नूरानी को 11-7, 7-11, 8-11, 11-7, 11-5 से हराया.



## खराब मौसम की वजह से प्रिटोरिया कैपिटल्स और डरबन सुपर जायंट्स के बीच मैच रद्द

**सेंचुरियन.** दिन में पहले हुए मैच की तरह ही, शनिवार को सेंचुरियन में प्रिटोरिया कैपिटल्स और डरबन सुपर जायंट्स के बीच एसए 20 मैच बिना एक भी गेंद फेंके रद्द कर दिया गया। पूरा स्टेडियम भरा हुआ था और दर्शक उम्मीद कर रहे थे कि दिन में पहले जो हुआ, वह उनके साथ भी नहीं होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब कप्तान केशव महाराज और एडेन मार्करम टॉस के लिए 18:50 बजे मैदान पर आए (16-16 ओवर के मैच से पहले), तो फिर से उम्मीद जगी। टॉस महाराज ने जीता और गेंदबाजी करने का फैसला किया, लेकिन वांडरर्स की तरह ही, खिलाड़ी मैच शुरू करने के इतने करीब ही पहुंच पाए। बारिश लगभग तुरंत वापस आ गई, और रुकी नहीं, जिससे मैच अधिकारियों को दिन का दूसरा मैच रद्द करना पड़ा।

## ऑस्ट्रेलियाई पीएम अल्बानीस ने रिटायरमेंट की घोषणा के बाद ख्वाजा की तारीफ की



**सिडनी.** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस ने अनुभवी ओपनर उस्मान ख्वाजा को बधाई दी है, जब बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और आखिरी एशेज टेस्ट से पहले इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट की घोषणा की। 39 साल के ख्वाजा ने कन्फर्म किया कि सिडनी टेस्ट इंटरनेशनल लेवल पर ऑस्ट्रेलिया के लिए उनका आखिरी मैच होगा, जिससे उनके लंबे और शानदार करियर का अंत हो जाएगा। ख्वाजा ने सीरीज के आखिरी टेस्ट की शुरुआत से पहले एससीजी में मीडिया से बात करते हुए यह घोषणा की।



# ज़्वेरेव ने जीत के साथ 2026 सीजन की शुरुआत की

### नीदरलैंड के खिलाफ जर्मनी को जीत दिलाई

**सिडनी,04 जनवरी अलेक्जेंडर ज़्वेरेव ने रविवार को सिडनी में यूनाइटेड कप में नीदरलैंड के खिलाफ जर्मनी को जीत दिलाई, जहां वर्ल्ड नंबर 3 ने टैलन ग्रीक्सपूर को 7-5, 6-0 से हराया। ज़्वेरेव की जीत जर्मनी की ईवा लिस द्वारा ग्रुप ?फ़ मुकाबले में सुज़ैन लैमेंस को हराने के बाद आई।**

ज़्वेरेव और ग्रीक्सपूर के मुकाबले के शुरुआती हिस्से में सर्वर को फायदा था, जब तक कि जर्मन खिलाड़ी ने 6-5 पर ब्रेक लेकर पहला सेट जीतने का अहम मौका नहीं भुना लिया। 2026 का अपना पहला मैच खेलते हुए, ज़्वेरेव ने उच्च स्तर का प्रदर्शन किया और शायद ही कभी पीछे मुड़कर देखा, दूसरे सेट में सिर्फ सात अंक गंवाए। ज़्वेरेव ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा, पहला सेट, लय हासिल करना मुश्किल था ।एक बार जब मुझे मौके मिले, तो मैंने अच्छा किया और मैं जीत से बहुत खुश हूं। 28 साल का खिलाड़ी अब अपनी लेक्सस एटीपी हेड2हेड सीरीज में ग्रीकस्पूर से 9-2 से आगे है, यह दूसरी बार है जब ज़्वेरेव ने एक ही विरोधी के खिलाफ नौ टूर-लेवल जीत हासिल की हैं.

## खिलाड़ियों के पोषण का ध्यान और पारदर्शी चयन सर्वोपरि है : प्रधानमंत्री

**वाराणसी.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पूर्वांचल सहित पूरे देश में खेलों को लेकर नया जोश है। उन्होंने कहा कि अब प्रतिभा की पहचान, वैज्ञानिक ट्रेनिंग, खिलाड़ियों के पोषण का ध्यान और पारदर्शी चयन अब हर स्तर पर खिलाड़ियों के हितों को सर्वोपरि रखा जाता है। श्री मोदी ने आज यहां कहा कि अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन कर अत्यंत प्रसन्न हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बहुत कम युवा स्पोर्ट्स को कैरियर के रूप में अपनाते थे। लेकिन बीते दशक में स्पोर्ट्स को लेकर सरकार ने बजट काफी बढ़ा दिया है।

# टी-20 विश्व कप के लिए बंगलादेश की टीम घोषित

## लिटन कुमार दास को सौंपी गई कप्तानी



**ढाका, 4 जनवरी. बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड ने फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कप्तानी लिटन कुमार दास को सौंपी गई है।**

बंगलादेश अब तक खेले गए सभी टी-20 विश्व कप में हिस्सा ले चुका है, लेकिन अभी तक सेमीफाइनल तक पहुंचने में नाकाम रहा है। ऐसे में यह टूर्नामेंट बंगलादेश के लिए इतिहास बदलने का एक और मौका होगा। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, बंगलादेश की टीम इस बार संतुलित संयोजन के साथ मैदान में उतरेगी। खासतौर पर भारत और श्रीलंका की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए टीम चयन में स्पिन और विविधतापूर्ण गेंदबाजी पर खास फोकस किया गया है।

### तेज शुरुआत की उम्मीद

बल्लेबाजी में बंगलादेश का दारोमदार शीर्ष क्रम पर रहेगा। कप्तान लिटन कुमार दास, तंजीद हसन और परवेज हुसैन एमोन से तेज शुरुआत की उम्मीद की जा रही है। मध्यक्रम में तौहीद हृदोय, शमीम हुसैन और सैफ हसन जैसे खिलाड़ी टीम को स्थिरता देने का प्रयास करेंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में काजी नुरुल हसन सोहन को भी टीम में जगह दी गई है। हालांकि बंगलादेश के लिए राह आसान नहीं होगी। टीम को इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, नेपाल और इटली के साथ एक कठिन ग्रुप में रखा गया है। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज जैसी आक्रामक टीमों के खिलाफ बंगलादेश को अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की जरूरत होगी.

### एशेज सीरीज

## स्टार्क, नीसर और बोलैंड को मिली एक-एक सफलता, बारिश के कारण समय से पहले रोका गया खेल



# रूट-हैरी की पारियों से संभली इंग्लैंड की पारी

**सिडनी, 4 जनवरी. एशेज सीरीज के पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के पहले दिन इंग्लैंड ने खराब शुरुआत के बावजूद मजबूत वापसी करते हुए तीन विकेट पर 211 रन बना लिए।**

वर्षा से प्रभावित इस मुकाबले में जो रूट (नाबाद 72) और हैरी ब्रूक (नाबाद 78) ने शानदार संयम और आक्रामकता का संतुलन दिखाते हुए इंग्लैंड की पारी को संभाला। बारिश के कारण खेल समय से पहले रोकना पड़ा और पहले दिन का खेल यहीं समाप्त घोषित किया गया।

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर रविवार को इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हालांकि शुरुआत इंग्लैंड के पक्ष में नहीं रही। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों ने नई गेंद से सटीक लाइन-लेंथ में गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड के शीर्ष क्रम को दबाव में रखा। इंग्लैंड को पहला झटका सातवें ओवर में लगा, जब मिचेल स्टार्क ने बेन डकेट को पवेलियन भेजा। डकेट ने आक्रामक अंदाज में 25 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 27 रन बनाए, लेकिन बड़ी पारी खेलने में असफल रहे।

इसके बाद 12वें ओवर में माइकल नीसर ने जैक क्रॉली (16) को आउट कर इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। ऑस्ट्रेलिया ने लगातार दबाव बनाए रखा और अगले ही ओवर में स्कॉट बोलैंड ने जेकब बेथेल (10) को आउट कर इंग्लैंड को तीसरा नुकसान पहुंचाया।

> इसके बाद क्रीज पर आए अनुभवी जो रूट और युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने पारी को स्थिरता दी। दोनों ने खराब गेंदों पर रन बटोरते हुए ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की लय तोड़ी और विकेट गिरने से रोका। रूट ने अपने अनुभव का पूरा इस्तेमाल किया, वहीं ब्रूक ने मौके मिलने पर आक्रामक शॉट्स भी खेले। दोनों बल्लेबाजों के बीच अहम साझेदारी देखने को मिली, जिसने इंग्लैंड को सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाया। रूट ने 103 गेंदों में आठ चौकों की मदद से नाबाद 72 रन बनाए, जबकि ब्रूक ने 92 गेंदों का सामना करते हुए छह चौके और एक छक्का लगाकर नाबाद 78 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों ने अपने-अपने अर्धशतक पूरे किए और दिन का खेल इंग्लैंड के पक्ष में मोड़ दिया।